ज़रा सिर खुजलाइए

अंक 37 (अप्रैल-मई 2001) में पूछे गए सवाल में आपको एक आकृति दी गई थी और कहा गया था कि इस आकृति पर कैंची से इस तरह से एक कट लगाना है कि यह आकृति एक जैसे आकार वाली दो जुड़वां आकृतियों में बंट जाए।

इस सवाल का हल और सही जवाब देने वाले पाठकों के नाम इस तरह से हैं:

दिनेश कुमार बिनौले, ग्राम सतवास, देवास, म.प्र.। रमेश चंद्र, ग्राम नलवा, हिसार, हरियाणा। देवांशु वत्स, सुपौल, बिहार। टीकाराम पटेल, ग्राम पेंडरुवां, जांजगीर, छत्तीसगढ़। अनीता सक्सेना, सिंगरौली, म.प्र.। शत प्रतीक, दयालबाग, आगरा, उ.प्र.। अलका कालरा, रमेश नगर, नई दिल्ली। छाया दुबे, उज्जैन, म. प्र.।

इस बार का सवाल:

सीताराम अपने बाग में लगाने के लिए अमरुद के 25 पौधे लेकर आया। अपने माली गंगाराम से उसने कहा कि ये पौधे 12 कतारों में इस प्रकार लगाओ कि हर कतार में 5 पौधे हों। गंगाराम सोच में पड़ गया कि क्या करें? क्या आप गंगाराम की मदद कर सकते हैं?

वैसे हम आपको बता दें कि इस सवाल के एक से ज़्यादा हल हैं – आसान भी और मुश्किल भी। इसलिए आप चाहें तो एक से ज़्यादा तरीके सुझाकर गंगाराम की मदद कर सकते हैं।

अपने जवाब जल्द-से-जल्द हमें इस पते पर भेजिए:

संदर्भ
द्वारा एकलव्य
कोठी बाज़ार, होशंगाबाद, म. प्र.
पिन: 461001